# पालाखेड़ के कृषक देवानंद देवसनंद गेंदा की उन्नत किस्म से कमा रहे लाखों



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 26 अक्टूबर को उपसंचालक कृषि टीम के साथ मोहखेड़ विकासखंड के ग्राम पालाखेड़ के प्रगतिशील कृषक देवानंद बाड़बुधे के खेत में लगी टेसर कंपनी की गेंदा की उन्नत किस्मों का प्रदर्शन देखने टीम के साथ पहुँचे जहाँ बड़ी संख्या में ग्राम के किसान भी इस नवाचार फूलों की खेती के प्रयोग को देखने के लिए उपस्थित रहे।

पालाखेड़ ग्राम में ही लगभग 200 एकड में किसान गेंदे की खेती करके प्रति एकड़ एक लाख रुपये से लेकर चार लाख रुपये प्रति एकड़ का शुद्ध लाभ (मार्केट की क़ीमत के आधार पर) प्राप्त कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि लगभग 1000 एकड़ में मोहखेड़ ब्लॉक में किसान गेंगे की खेती करके मुनाफ़ा कमा रहे हैं। किसानों ने बताया कि बरसात प्रारंभ होते ही गेंदे की बोनी रेज़्डबेड तकनीक से करके लगभग चार माह की फ़सल से दो तुड़ाई करके तीन से पाँच टन प्रति एकड़ का उत्पादन किसान प्राप्त कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि नवरात्रि से दीपावली तक बाज़ार में रेट अधिक मिलने से 50 से 100 रुपये प्रति किलो के रेट मिल जाते हैं। इस प्रकार किसान औसतन् ढाई से तीन लाख रुपये प्रति एकड़ का शुद्ध लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

ज़िले के गेंदे के फूलों की गुणवत्ता अच्छी होने के कारण व्यापारी खेत से ही नागपुर, रायपुर, भोपाल, हैदराबाद, पुणे तक ले जा रहे हैं। ज़िले में फूलो की खेती का क्षेत्र बढ़ता जा रहा है साथ ही हर कार्यक्रम त्योहारों में माँग बढ़ती जाने के कारण एक अनुमान के अनुसार लगभग 2500 एकड़ में फूलो की खेती किसान करने लगे हैं। किसानों का कहना है कि फूलो की खेती से सामान्य फ़सलो की तुलना में अधिक लाभ प्राप्त होने के कारण किसानों का रुझान फूलो की व्यावसायिक खेती की ओर बढ़ा है। कार्यक्रम में टेसर कंपनी के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे ।

## कार्तिक महामहोत्सव के तहत सांसद आभार समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज हमारे इस्कॉन केंद्र में कार्तिक महामहोत्सव कार्यक्रम के तहत इस्कॉन प्राधिकरण द्वारा सांसद आभार समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद विवेक बंटी साहू को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों में विनोद आनंद दास, देव आराध्य दास और सीता नाथ दास ने सांसद का अभिनंदन किया और उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी भक्तजनों और सम्मानित अतिथियों ने सांसद का आभार व्यक्त किया और उनके सहयोग को सराहा। बता दें कि इस्कान द्वारा विभिन्न त्यौहारों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिसमें जनमानस का रूझान लगातार बढ़ते जा रहा है इसके पूर्व के कार्यक्रमों में अनुशासित और गरिमामय अनेक लोगों की उपस्थिति रही।




### सार समाचार

## आज अमरवाड़ा जनपद अध्यक्ष लेंगे शपथ के साथ भार गृहण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अमरवाड़ा के उपचुनाव में नवनिर्वाचित अध्यक्ष गणेश कंगाली आज शपथ लेंगे। शपथ कार्यक्रम में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहूए विधायक राजा कमलेश प्रताप शाहएजिले सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। शपथ कार्यक्रम 3रू00 बजे से जनपद पंचायत के सभागृह में होगा।

## शुभम एवं खान कॉलोनीवासी पुलिस सहित एक महिला की झूठी शिकायत से परेशान है

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कहावत है की जबरा मारे रोने न दें। यह कहावत और कहीं नहीं अपितु पढ़े लिखे शासकीय सेवा में रहने वाले और रिटायर कर्मचारी अधिकारियों की कॉलोनी शुभम एवं खान कॉलोनी के रहवासी महज एक महिला से इतना अधिक परेशान है कि पुलिस भी अब हलाकान और परेशान हो गई है जिससे अब कॉलोनीवासी उच्चा स्तरीय शिकायत करने के लिए कमर कस ली है।



बताया जाता है कि सभ्रांत वर्ग के रहने वाले लोग उक्त कॉलोनी में अपने वाहन से आते जाते है रोड इतनी चौड़ी है कि एक साथ दो गाड़िया निकल सकती है बावजूद इसके एक महिला जो काफी दूर रहती है अनुकम्पा नियुक्ति के बाद विभाग ने उसे बर्खास्त कर दिया है के द्वारा सी.एम. हेल्प लाईन में शिकायत कर करके एक साल से न केवल कॉलोनीवासियों को हलाकान कर दिया है अपितु पुलिस भी जांच कर करके हलाकान परेशान हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि महिला है और सी एम हेल्प लाईन में शिकायत करती है जिसका निराकरण करना आवश्यक होता है और उक्त महिला के पास निवेदन करने के बाद भी पुलिस को भी परेशान करती है। 27 अक्टूबर को तो हद ही हो गई जब एक परिवार की गाड़ी परिजनों को छोड़ने के लिए दरवाजे पर खड़ी ही हुई थी तभी फोटो खींचकर सी एम हेल्प लाईन में शिकायत कर दी गई और यातायात पुलिस भी जांच में पहुंच गई जिससे कॉलोनीवासी उद्धेलित हो गए और बात बिगड़ते-बिगड़ते बामुश्किल शांत हुई। ऐसी स्थिति में कॉलोनीवासियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस अधीक्षक, जिला कलेक्टर से मांग की है कि फर्जी शिकायत करने वाली उक्त महिला सहित अन्य कोई व्यक्ति जो फर्जी शिकायत करता है इसके लिए एक जांच कमेटी बनाई जाऐं और झूठी शिकायत पाए जाने पर शिकायतकर्ता के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाऐं अन्यथा इस तरह कोई भी महिला अपने अधिकारों का दुरूपयोग करते हुए कॉलोनीवासियों को और पुलिस को परेशान करती रहेगी। बता दें कि वहां पर रहने वाले एक टेंट हाउस के मालिक ने महिला से प्रताड़ित होकर मकान बेच दिया है और वहां के रहवासियों के रिश्तेदार फोर व्हीलर से आना भय से बंद कर दिया है और भी कुछ लोग मकान बेचने की फिराक में है जिसकी जानकारी कोतवाली पुलिस और यातायात पुलिस को है लेकिन सी.एम. हेल्पलाईन की शिकायतों ने अधिकारियों को पंगू बना दिया है इस दिशा में वरिष्ठ अधिकारियों और सरकार को ध्यान देना होगा अन्यथा शुभम और खान कॉलोनी जैसे विवाद की स्थिति और कहीं भी निर्मित हो सकती है इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। कॉलोनीवासियों ने चर्चा में बताया कि उक्त महिला के पिता शासकीय सेवा में थे और उनकी मृत्यु के उपरांत उनके परिजन महिला को अनुकम्पा नियुक्ति शासन द्वारा दी गई थी लेकिन अपने कर्तव्यों के निर्वाहन में लापरवाही बरतने और अनुशासनहीनता के चलते उक्त महिलाकर्मी को विभाग ने विभागीय जांच करने के बाद सेवा से बर्खास्त कर दिया है जिसके कारण अब उक्त महिला द्वारा शुभम कॉलोनी में रहकर अपने कॉलोनी के साथ साथ आसपास के कॉलोनीवासियों को भी झूठी शिकायतें कर परेशान कर रही है। पुलिस को जांच करने पर अपना बयान देने में भी आनाकानी करती है की जानकारी मिली है।

## पूनाराम की जैविक खेती देखने पहुंचे सांसद बंटी साहू



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद विवेक बंटी साहू आज अमरवाड़ा विधानसभा के बटकाखापा क्षेत्र के किसान पुनाराम इनवाती के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर की जा रही जैविक खेती को देखने पहुँचे सांसद के साथ विधायक कमलेश शाह एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। किसान ने सांसद को बताया कि जैविक खेती से उन्हें हर वर्ष लगभग 4 लाख रुपये की बचत की जा रही है उनके द्वारा सारी फ़सल जैविक रूप से तैयार की जा रही है सांसद ने जैविक खेती करने पर किसान की प्रशंसा की।

सांसद बंटी विवेक साहू ने सभी किसानों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर हर किसानों को जैविक खेती की ओर बढ़ना चाहिए।

जैविक खेती से न केवल किसानों को लाखों रुपए हर वर्ष की बचत हो रही है बल्कि जैविक अनाज और फ़ल हमारे स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। साथ ही किसान भाई प्राकृतिक खेती और मिलेट की खेती भी अपनाऐं, इससे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होगा।बता दें कि इसके पूर्व कलेक्टर और उप संचालक कृषि ने भी पूनाराम के गांव पहुंच चुके है प्राकृतिक खेती और केले की खेती को देखने के लिए।

## इलाज के लिए सांसद ने मुख्यमंत्री से दिलाई दो मरीजों को आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के इलाज के लिए सांसद बंटी विवेक साहू सदैव तत्पर रहते हैं। इसी तारतम्य में सांसद श्री साहू की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा छिंदवाड़ा पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के लोगों के इलाज के लिए लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सांसद की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के 2 जरूरतमंद लोगों को इलाज के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। सांसद के प्रयासों से लगातार अपने लोगों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता मिलने से मरीज के परिजनों ने खुशी व्यक्त की है। और मुख्यमंत्री और सांसद का आभार व्यक्त किया है। जिन लोगों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है उनमें अंबेडकर कॉलोनी निवासी मोहन वर्मा की बेटी को इलाज के लिए 25,000/- की आर्थिक मदद की गई है श्री वर्मा की बिटिया एस्पिरेशन निमोनिया की बीमारी से ग्रसित है आर्थिक मदद मिलने से उनका उपचार हो सकेगा, वहीं छिंदवाड़ा जिले के लहगडुआ निवासी आनंद बघेल पिता जयराम बघेल को 25,000 की आर्थिक मदद प्रदान की गई है।

## कोजागिरी कार्यक्रम में सांसद बंटी साहू का किया सम्मान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परम पूज्य परमात्मा एक सेवक मंडल वर्धमान नगर नागपुर कि शाखा बरारीपुरा छिंदवाड़ा व्दारा रविवार को कोजागिरी व सांसद विवेक बंटी साहू का सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें सिवनी, पांढुर्णा एवं छिंदवाड़ा जिले से सेवक सेविका और बच्चे उपस्थित हुए।

कार्यक्रम 4 बजे से भगवान बाबा हनुमान जी, मानव धर्म के संस्थापक महान त्यागी बाबा जुमदेवजी एवं मातोश्री वाराणसी सं आई के स्वागत के बाद चर्चा बैठक का आयोजित कि गई तथा सांसद विवेक बंटी साहू का स्वागत एवं महापौर विक्रम आहके, वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद विजय पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि का शाल श्रीफ्ल से स्वागत सम्मान किया गया तत्पश्चात महाप्रसाद एवं दूध वितरण किया गया।

शाखा के अध्यक्ष महादेव राव बारस्कर व्दारा जनप्रतिनिधि एवं सांसद का कार्यक्रम उपस्थित होने पर आभार व्यक्त किया। उक्ताशय की जानकारी सांवरी निवासी शैलेन्द्र साहू द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।



## कांग्रेस सेवादल ने शहीद स्मारक पर झंडावंदन कर शहीदों को किया याद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि कल कांग्रेस सेवादल के द्वारा शहीद स्मारक पर माह के अंतिम रविवार 27 अक्टूबर 2024 को परंपरा अनुसार देश की स्वतंत्रता पर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को याद करने के उद्देश्य से झंडा वंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार शरद पाठक उपस्थित थे।

सुरेश कपाले ने आगे बताया कि झंडावंदन की परंपरा लगभग 100 साल पुरानी है और यह परंपरा देश के देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के द्वारा स्वतंत्रता के पूर्व प्रारंभ की गयी थी, उसी परंपरा का निर्वाह आज कांग्रेस सेवादल के द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के एवं महिला कांग्रेस सेवादल के एवं कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिग्रेड के सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमें सुरेश कपाले, हेमंत सिंह राजपूत, बलराम सिंह चौहान, देशराज बारसकर, रमेश बेले, यास्मीन खान, सीमा शुक्ला, राजेश धुर्वे, शेषराव उइके, संजय विश्वकर्मा, गजेन्द्र इंदौरकर, बसोड़ीलाल परतेती, बजानंद खेड़कर, दिवाकर बोरकर, बबलू इवनाती, शाहजहॉ बानो, वीणा जैन, रेणुका तिवारी, सिंधु यादव, रीना भलावी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।



### राजकुमार सोनी उर्फ लल्ली को कांग्रेस सेवादल ने दी श्रद्धांजलि

जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि ग्लोबल चैनल के कैमरामेन राजकुमार उर्फ लल्ली की पूर्व में कलेक्टर परिसर में मृत्यु हो गई थी, आज कांग्रेस सेवादल द्वारा स्थानीय शहीद स्मारक पर वरिष्ठ पत्रकार शरद पाठक की उपस्थिति में श्रद्धांजली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी उपस्थित जनों ने राजकुमार उर्फ लल्ली को याद कर उन्हे विनम्र श्रद्धांजली दी एवं दो मिनिट का मौन रखा। ईश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिवार को दुख सहने की क्षमता दे। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दिवाली के दीये और लक्ष्मी की मूर्तियों से बाजार हुआ गुलजार, पहुंचने लगे ग्राहक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दीपावली का पर्व आगामी 31 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जावेगा। इसके पूर्व 29 अक्टूबर को धनतेरस यानि धनवंतरि पर्व का त्यौहार है। ऐसी स्थिति में कुंभकारो ने माता लक्ष्मी की मूर्तियों के साथ साथ मिट्टी के दिए बनाने का काम न केवल युद्ध स्तर पर है अपितु बाजारो में दीपावली के दिए और मूर्तियां उपभोक्ताओं को लुभा रही है।

हालाकि इस वर्ष दीपावली का पर्व छिन्दवाड़ा जिले में फींका फींका नजर आ रहा है, बाजार में जो रौनक हुआ करती थी वह अब नजर नहीं आ रही है, इसके पीछे का कारण है बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी, तो वहीं दूसरी ओर जिले में अत्याधिक बारिश होने के कारण किसानों की फसलें जैसे सोयाबीन और मक्का खेत से कट नहीं पाया जिसके कारण किसानों का अनाज बाजार में नहीं आने से हर आदमी का जेब खाली है और कर्मचारियों का वेतन भी आखिरी माह होने से नहीं हो पाया है। इसके कारण इस वर्ष दीपावली फींकी-फींकी है।



# सांसद खेल महाकुंभ को लेकर बैठक



## 27 खेलों में जिले के खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की युवा खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने हेतू छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू की प्रेरणा से आगामी दिसम्बर माह में 'सांसद खेल महाकुंभ 2024' का आयोजन किया जाना है, उक्त आयोजन की तैयारियों एवं रूपरेखा बनाने हेतु एक आवश्यक बैठक स्थानीय ओलंपिक ग्राउंड में स्थित हॉल में आयोजित की गई जिसमें छिंदवाड़ा जिले के सभी खेल विशेषज्ञ, कोच, खेल अधिकारी एवं खिलाड़ियों के साथ ही बीजेपी के संगठन पदाधिकारी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे सभी ने 'सांसद खेल महाकुभ' के आयोजन हेतु सांसद विवेक बंटी साहू का आभार व्यक्त किया एवं खेल महाकुंभ की भव्यता एवं सफल आयोजन हेतु अपने सुझाव एवं मार्गदर्शन दिया।

सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा आयोजित 'सांसद खेल महाकुंभ 2024' 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खेलोगे तो खिलोगे नारे' को सार्थक करने वाला आयोजन होगा जो संसदीय क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को ना केवल एक मंच देगा बल्कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकने का अवसर देगा।

सांसद खेल महाकुंभ की आज की बैठक को नगरनिगम महापौर विक्रम आहाके की अध्यक्षता एवं नगर मंडल अध्यक्ष रोहित पोफ्ली, अंकुर शुक्ला, नगरनिगम सभापति जागेन्द्र अल्डक, बंटी उईके, गरिमा दामोदर, माइकल पहाड़े ने सम्बोधित किया। खेल प्रकोष्ठ केजिला संयोजक अंकित सोलंकी एवं आयोजन समिति के अमित राय ने बताया कि खेल महाकुंभ का आयोजन दो चरणों मे होगा प्रथम चरण में विकासखण्ड स्तर पर आयोजन होंगे तथा द्वितीय चरण में जिला स्तर पर भव्य आयोजन होंगे। खेल जगत से मार्गदर्शक के रूप में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री नागले, डी.एस. ओ. श्रीवास्तव, राजेन्द्र सिंह ठाकुर एवं बड़ी संख्या में शासकीय/अशासकीय स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर, सांसद खेल महाकुंभ आयोजन समिति के अमित राय, अंकित सोलंकी, संदीप मालवीय, अभिषेक वर्मा, भीष्म प्रताप सिंह, उत्सव बैरागी, अंकित राजपूत उपस्थित रहे।

# सिंगोड़ी में दौड़ व कबड्डी का आयोजन

**सिंगोड़ी, देशबन्धु।** सिंगोड़ी संच एकल विद्यालय के द्वारा एकल अभियान के तहत संपूर्ण जिले भर में बच्चो के बौद्धिक विकास को लेकर विभिन्न खेलकूद की गतिविधियां और प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है जिसके चलते आज सिंगोड़ी संच में हाई स्कूल ग्राउंड में कबड्डी प्रतियोगिता, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेक आदि अनेक प्रकार की खेलकूद की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमे दर्जनों टीम ने कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवनराव सोनी एवं सोनू सरसवार ने उद्बोधन देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी को खेल को संपूर्ण खेल भावना के साथ खेलना चाहिए और विपक्षी खिलाड़ियों की तरह नहीं बल्कि एक मित्र की तरह खेलना चाहिए। खेलो से बौद्धिक विकास होता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में अंचल अभियान प्रमुख राजकुमार बट्टी, अंचल खेलकूद अभियान प्रमुख मनोज सोनी, पूर्व जिला कार्यवाह पवन राव सोनी, संच समिति अध्यक्ष सोनू सरसवार, दीपक साहू, राजकुमार चंद्रवंशी, अंकित जैन, राजेश कहार, दर्शन पटवा, संजय सोनी, पिंकू साहू, मैच रेफरी सुनील विश्वकर्मा, योगेश चौरसिया, हरिकथा अध्यक्ष रश्मि मराठा, पूनम वैष्णव, मीरा वर्मा, अनीता बुनकर, सरिता कहार, पुष्पा खोबरे सहित अनेक अतिथिगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में कुल 150 प्रतिभागीयो ने भाग लिया।

कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच बालक वर्ग में चारनखापा और घाट पिपरिया के मध्य खेला गया तो वहीं बालिकाओं में कबड्डी टीम में कतियाढाना और गुरैया के बीच कबड्डी प्रतियोगिता हुई जिसमें बालक वर्ग से घाट पिपरिया टीम विजय हुई तो वही बालिकाओं में गुरैया टीम विजय हुई। इस अवसर पर लगातार खेलकूद कार्यक्रम क्षेत्र में सम्पन्न हो रहे है। कार्यक्रम समापन के बाद सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया जहां प्रतिभागी बच्चों के चेहरे में मुस्कान देखी गई।

## सार-समाचार

### वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के लिए प्रचार प्रसार करने के अधिकारियों को निर्देश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल द्वारा वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2025 में दावे/आपत्तियों की अवधि ;29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 के दौरान प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिये तैयार कराये गये दो प्रकार 60-60 सेंकेण्ड की जिंगल के द्वारा अपशिष्ट संग्रहण वाहनों, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, ट्रेफिक सिग्नल के अनाउन्समेंट सिस्टम पर तथा जिले में आयोजित मेलों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अथवा जिलों के पास उपलब्ध अन्य संसाधनों के द्वारा अधिक से अधिक प्रचार.प्रसार कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के.सी. बोपचे द्वारा इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा/पांढुर्णा, जिले के सभी एस.डी.एम., सभी तहसीलदार, परियोजना अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं नगरपालिका व नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी व अन्य संबंधितों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। हिर्री पंचायत में भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंदएजिम्मेदार गहरी निद्रा में'

### उपसरपंच और पंचों ने लापरवाह सचिव के खिलाफखोला मोर्चा

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अमरवाड़ा के हिर्री ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है जबकि दूसरी तरफ जिले से लेकर जनपद तक इन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ उपसरपंच और पंचों की शिकायतों के बावजूद आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिससे भ्रष्टाचारी सचिव और सरपंच के हौसले बुलंद है। आपको बता दें कि 4 फरवरी 2023 को समाचार पत्र में स्ट्रीट लाइन लगाने के नाम पर आधी से ज्यादा राशि का गबन शीर्षक तो वहीं 14 मई 2023 को पंचायत के स्ट्रीट लाइन गवन मामले में कार्यवाही ठंडे बस्ते में शीर्षक नाम से नियमित खबर प्रकाशित की गई परंतु कारण बताओं नोटिस तक ही कार्यवाही सीमित रह पाई। आपको बता दें कि पूर्व जनपद अध्यक्ष द्वारा भी लेटर पैड के माध्यम से जिला पंचायत को इस ग्राम पंचायत की शिकायत की गई थी। ऐसे में एक तरफ शिकायतकर्ताओं में असंतोष व्याप्त है तो वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद से लग रहे है।

### जमुनिया ग्राम में बनी नाली और सड़क निर्माण कार्य में लीपापोती के आरोप

हिर्री पंचायत के जमुनिया भूरा ग्राम में कुछ दिन पहले बनी सीसी रोड और नाली में जमकर लीपापोती करते हुए पूरी राशि का आहरण कर लिए जाने के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नाली और सड़क कम बनाई गई है जबकि राशि का पूरा आहरण कर लिया गया है। इस मामले में जांच कर रिकवरी सहित कार्यवाही की मांग की गई है।

### लापरवाह और भ्रष्टाचारी सचिव को हटाने की बढ़ी मांग

अनुकंपा नियुक्ति में आए सचिव डीके मर्सकोले पर अब लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप ग्रामीणों द्वारा विगत दो वर्षों से नियमित लगाये जा रहे हैं और ऐसे में मामला अब बिगड़ता दिख रहा है। अपने कार्यों में लापरवाही, फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण करने, निर्माण कार्यों में लीपापोती को लेकर उप सरपंच सहित पंचों ने पंचायत सचिव को हटाने को लेकर अब बड़ी तैयारी करने में लगे है। वहीं भ्रष्टाचार के प्रमाण के साथ वह जल्द ही इस भ्रष्टाचारी सचिव से निजात पाने सीधे छिंदवाड़ा जिला पंचायत और कलेक्टर कार्यालय जाने की भी बात कही है।

### विकासखंडवार पंजीयन शिविर का आयोजन आज से 21 नवंबर तक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय एवं एस.आर.एल.एम. छिंदवाड़ा के द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों के जनपद पंचायत क्षेत्रों में एस.एस.सी.आई. अनुपपुर में सुरक्षा जवान/सुरक्षा सुपरवाईजर पद के लिये विकासखंडवार पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है।

# बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों को बताए जीवन में खुशहाली के मंत्र





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अपनी भागा दौर की जिंदगी में तनाव कम करने एवम जीवन प्रबंधन विषय पर रविवार को कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन में जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा प्रधानमंत्री एक्सलेंस पी जी कॉलेज छिंदवाड़ा में अपनी बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू की क्लास में कार्यक्रम का आयोजन जीवन कौशल एवम तनाव मुक्त समाज, एवम नशामुक्त भारत अभियान के राज्य स्तरीय प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर एवम परामर्शदाता विनोद तिवारी, लता नागले, तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू के नेतृत्व में समस्त बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने कहा की आज की भागदौड़ की जिंदगी में और लाइफ स्टाइल चेंज होने के कारण आज के समय हर व्यक्ति तनाव में है और लगातार ऐसी स्थिति में दिशा भ्रमित भी हो रहा इससे बचने के लिए सकारात्मक सोच के साथ कैसे अच्छा जीवन शैली हो तनावमुक्त जीवन हो इसके लिए ध्यान योग प्राणायाम के साथ साथ खुशहाली का वातावरण हो सभी के प्रति स्नेह की भावना रखना नितांत आवश्यक है।

इस अवसर पर राज्य स्तरीय नशामुक्त भारत अभियान एवम जीवन कौशल पर प्रशिक्षण प्राप्त परामर्श दाता विनोद तिवारी एवम लता नागले ने सभी को हेप्पिनेश जीवन में कैसे आए इसके छोटे-छोटे टिप्स दिए। उन्होंने कहा की आज की व्यस्ततम लाइफ स्टाइल में सभी को तनाव है अपने तनाव को दूर करने के लिए सामूहिक चर्चा, खुशनुमा वातावरण, अच्छी आदतें, सकारात्मक सोच एवम कुछ देर मौन धारण करना एवम ऐसे समय में नशे की किसी भी तरह की लत से दूरी बनाना नितांत आवश्यक है साथ ही अपने व्यस्त तम समय में से समय निकालकर अपनी पसंदीदा शौक में सिंगिग, डांसिंग, बाध्ययंत्र बजाना, गीत सुनना, स्पोर्ट सहित ध्यान योग प्रणायाम सहित अपनी रुचिकर गतिविधि में संलग्न होने से आपकी स्ट्रेज कम होगी एवम एक अच्छा तनाव मुक्त जीवन जी सकते है।

# वीतराग विज्ञान पाठशाला से निकाली अहिंसा रैली

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महावीर का शुभ संदेश- जियो ओर जीने दो] सत्य अहिंसा प्यारा है- यही हमारा नारा है, दीपावली मनाएंगे-पटाखे नहीं जलाएंगे। आदि नारों के साथ अहिंसा परमो धर्म की जय, तीर्थंकर महावीर भगवान की जय, 2550 निर्वाण महोत्सव की जयघोष से अहिंसा स्थली गोल गंज सहित धर्म नगरी छिंदवाड़ा गुंजायमान हो उठी।



मंगलमय प्रसंग था अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा 42 वर्षों से चलाए जा रहे सर्वोदय अहिंसा अभियान के समर्थन एवं श्री वीर प्रभु के 2550 वें निर्वाण महोत्सव की खुशी में वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा निकाली गई अहिंसा रैली का, जिसका शुभारंभ श्री आदिनाथ जिनालय गोल गंज में श्री महावीर पूजन से हुआ जिसमें पाठशाला के नन्हे मुन्ने अहिंसा के पुजारियों ने तीर्थंकर महावीर भगवान की पूजन कर उनका गुणानुवाद किया।

अहिंसा रैली का शुभारंभ सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन के हाथों बाल ब्रह्मचारिणी डॉक्टर आरती जैन, श्रीमती सुधारानी पाटनी, पंडित रूपेंद्र शास्त्री, वर्षा पाटनी, भावना जैन, आर्या जैन, संस्कृति जैन, इशिता जैन की विशेष उपस्थित में हुआ। रैली ने नगर का भ्रमण करते हुए जियो ओर जीने दो के साथ जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

रैली जब पूर्वी बुधवारी पहुंचीं तो जिनशासन सेवक पायल वाला परिवार द्वारा फल वितरण कर रैली का अभिनंदन किया गया और जीव दया के इस पवित्र कार्य की खूब खूब अनुमोदना की गई। जिसमें श्रीमती पायल चिन्मय जैन लंदन विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी।

**करते हैं जनहित के कार्य**

पाठशाला संचालिका वर्षा पाटनी एवं आर्या जैन का कहना है कि हमारी वीतराग विज्ञान पाठशाला में स्वाध्याय भवन गोल गंज एवं पार्श्वनाथ जिनालय नई आबादी में वर्ष भर लगभग 125 से अधिक बच्चे जैनदर्शन सहित सर्वोदय अहिंसा का अध्ययन करते हैं और तीर्थंकर महावीर के सर्वोदय अहिंसा के सिद्धांत को अपनाकर जीवदया का पालन करते हुए पटाखों से राशि बचाकर जरूरतमंदों की मदद कर शुभ दीपावली एवं महावीर निर्वाण महोत्सव मनाते हैं, जिसकी पूरे भारत सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल जैन समाज में सराहना होती है।

# श्री शिर्डी के साईंबाबा के रजत महोत्सव पर भव्य और दिव्य आयोजन होंगे, बैठक में बनी रूपरेखा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सच्चिदानंद सेवा समिति श्री शिर्डी साईं मंदिर, विवेकानंद कालोनी के द्वारा श्री शिर्डी साईं बाबा का रजत महोत्सव भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजित किये जाने का संकल्प लिया गया।

सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि 20 नवंबर 1999 को श्री शिर्डी साईं बाबा की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। सन 2024 में 20 नवंबर से रजत महोत्सव के आयोजन आरंभ हो कर सम्पूर्ण वर्ष भर 20 नवंबर 2025 तक किये जाएंगे।

श्री शिर्डी साईं बाबा के रजत महोत्सव का आरंभ सम सामयिक विषय श्री गणपति अथर्व शीर्ष एवं विज्ञान पर श्री रेणुका मंदिर संस्थान, इंदौर के अधिष्ठाता आचार्य प्रवीणनाथ पांसे के आख्यान से होगा।

भव्य शोभायात्रा, साईं भजन संध्या, साईं पर आधारित नाट्य एवं चित्रकला, साहित्यकारों के व्याख्यान, कवि सम्मेलन, साईं कथा, स्वास्थ्य शिविर, सर्वधर्म समभाव, रामायण एवं भजन मंडलों द्वारा निरंतर प्रसूति, साई सतचरित का पाठ, रजत महोत्सव के दौरान आयोजित किये जाएंगे।

साईं प्रार्थना भवन में सम्पन्न हुई बैठक में अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता नितिन नासेरी ने की। मातृशक्ति द्वारा शिर्डी साईं रजत महोत्सव में महिलाओं के लिए विशिष्ठ बैठक आयोजित कर सम्पूर्ण मातृशक्ति के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

मंदिर में आयोजित इस बैठक में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक संगठनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

बैठक में गजानन गुणगान मंडल, साई मंदिर समिति, शैलपुत्री माता समिति, भगवती उपासना समिति, श्रीराम संगीत विद्यालय, रेणुका महिला मंडल, महाराष्ट्र मंडल, पार्षद दल, महाराष्ट्रियन स्वर्णकार समाज, महाराष्ट्रियन नावी समाज, बंगाली समाज, दुर्गा चौक मंदिर समिति तथा बड़ी संख्या में भक्तगण एवं मातृशक्ति उपस्तिथ रही।

बैठक को सफल बनाने हेतु सभी के सहयोग के प्रति अध्यक्ष एस.वी. पुराणिक एवं सचिव अवधूत मोहगांवकर ने आभार प्रकट किया एवं सहयोग के लिए अपेक्षा की।

छाया- शेख अल्फाज

### एसआरटी दो फीडर से आज बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग अंतर्गत 33ध11 के.व्ही. एल.टी. लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून के बाद रख-रखाव कार्य के कारण 28 अक्टूबर सोमवार को छिंदवाड़ा शहर संभाग के सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रात: 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक बाधित रहेगी। समय को घटाया बढ़ाया जा सकता है। बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं।

# आत्मनिर्भर बनने के लिए महिलाओं को दिया सिलाई और ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधीन सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान छिन्दवाड़ा द्वारा तीस दिवसीय सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर के प्रशिक्षण की शुरुआत 27 सितंबर 2024 को की गई थी। इस प्रशिक्षण में छिन्दवाड़ा जिले के विभिन्न ब्लॉक से आई 33 महिला प्रतिभागियों ने सिलाई का और 20 महिला प्रतिभागियों ने ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त किया, इसमें सिलाई का प्रशिक्षण छिंदवाड़ा जिले के डीएसटी ट्रेनर राजेश नामदेव द्वारा एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण उमरिया जिले से आई डी.एस.टी. ट्रेनर नीतू लिटोरिया द्वारा दिया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए व्यक्तित्व एवं उद्यमिता विकास के तकनिकी एवं व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी आरसेटी के निदेशक अरविन्द कुमार एवं संकाय प्रथम सौरभ पटेल द्वारा प्रदान की गई। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र प्रतिभागियों को भोजन आवास की सुविधा के साथ नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान करता है। प्रशिक्षण का समापन 26 अक्टूबर 2024 को सम्पन्न हुआ। अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों की लिखित एवं मौखिक परीक्षा जबलपुर से आये ई.डी.पी. असेसर आर.के. सिन्हा, डी.एस.ए. असेसर, सविता एवं रेखा द्वारा ली गई। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने सफलता अर्जित की। समापन समारोह में संस्थान के निदेशक अरविन्द कुमार द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किये गए एवं सभी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया । बता दें कि शासन की नीति के अनुसार आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिससे न केवल आत्म निर्भरता बढ़ेगी अपितु आर्थिक रूप से भी सम्बल बनेगी।